

# संग्राम तीर्थ नैकिहाई में वीर बलिदानियों का पुण्य स्मरण एवं भूमिपूजन समारोह आज



**जागरण, रीवा।** जिले के संग्राम तीर्थ स्थल नैकहाई में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 8 फरवरी को वीर बलदानियों की स्मृति में पुण्य स्मरण समारोह किया जा रहा है। इस अवसर पर संग्राम तीर्थ में बनाये गये स्वरूपा द्वार के भूमिपूजन का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी लाल बहादुर सिंह द्वारा आयोजन की तैयारियों को लेकर आयोजन स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई एवं आयोजन को सफल एवं गरिमामय बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में श्रद्धा, उत्साह और देशभक्ति का माहौल बना हुआ है। यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष की भांति मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान वीरों के सम्मान एवं स्मरण हेतु आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर संग्राम तीर्थ स्वरूपा द्वार का विधिवत भूमिपूजन हवन-पूजन के साथ संपन्न होगा। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं न्यायमूर्ति अजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उनके द्वारा पूजा-अर्चना संपन्न कराई जाएगी। आयोजन का उद्देश्य युवा पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति, बलिदान और संस्कारों की भावना को जागृत करना है। यह कार्यक्रम संग्राम तीर्थ, रीवा-सतना रोड, चोरहटा में प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजन में समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, तीर्थयात्री एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। यह आयोजन ब्रह्मर्षि विश्वामित्र लोक सेवा कल्याण संगठन रायपुर कर्चुलियान (धुसपर) द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी लाल बहादुर सिंह एवं देवेन्द्र सिंह डिहिया सहित आयोजन से जुड़े लोगों ने सभी नागरिकों से सपरिवार एवं इष्ट मित्रों सहित उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने की अपील की है।




# सामाजिक समरसता एवं सद्भाव सम्मेलन सम्पन्न

## मानस भवन में हुआ आयोजन



**रीवा।** सपाक्स पार्टी एवं सर्व समाज द्वारा मानस भवन में 'सामाजिक समरसता एवं सद्भाव' सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन मुख्य अतिथि एडवोकेट अनिल मिश्रा (अधिवक्ता हाई कोर्ट ग्वालियर), डॉ. हीरालाल त्रिवेदी (राष्ट्रीय संयोजक सपाक्स पार्टी), डॉ. वीणा घाणेकर (राष्ट्रीय अध्यक्ष सपाक्स पार्टी), इंजी. पी एस परिहार (प्रदेश अध्यक्ष सपाक्स पार्टी) के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सामान्य वर्ग के साथ सर्व समाज के प्रमुख इंजी. देवेंद्र सिंह राष्ट्रीय महासचिव पार्टी, इंजी. संजय सिंह प्रदेश सचिव, प्रीती तिवारी प्रदेश प्रवक्ता, प्रभाकर पेशवा, अजय तिवारी, प्रो. पंकज श्रीवास्तव, हिमांशु शुक्ला जिला अध्यक्ष सपाक्स पार्टी रीवा, तोषण सिंह जिला सचिव, अखिलेश पांडे, प्रशांत सिंह, बीके माला, सुधीर पांडे, सतीश चौबे, गेदाकली पाठक, आजाद चौहान, आदर्श शुक्ला, दीपक पाण्डेय, विपिन तिवारी, संध्या सिंह, संतोष तिवारी, कमलेश उपाध्याय एवं ग्वालियर से आए प्रबुद्धजनों के साथ नगर के गणमान्यजन, अधिकारी, कर्मचारी, महिलाएं, छात्र आदि उपस्थित रहे।

# धारकुंडी आश्रम के संस्थापक स्वामी परमहंस सच्चिदानंद महाराज ब्रह्मलीन

## सनातन के ध्वज वाहक श्री महाराज ने 102 वर्ष की उम्र में किया महाप्रयाण



### देश भर में शोक की लहर छाई, सोमवार को धारकुंडी आश्रम में दी जाएगी समाधि

**जागरण, रीवा।** देशभर में सनातन परंपरा के ध्वजवाहक रहे सतना जिले के प्रसिद्ध धारकुंडी आश्रम के संस्थापक स्वामी परमहंस सच्चिदानंद महाराज ने नश्वर देह का त्याग कर दिया है। 102 वर्ष की दीर्घायु में उन्होंने मुंबई के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके ब्रह्मलीन होने की खबर मिलते ही देशभर में फैले उनके लाखों अनुयायियों में शोक की लहर दौड़ गई है। उन्होंने मुंबई में उपचार के दौरान दोपहर करीब 12 बजे देह त्यागी। उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए मुंबई के बदलापुर स्थित आश्रम ले जाया गया है। जहां श्रद्धालुओं के अंतिम दर्शन के बाद सड़क मार्ग से धारकुंडी आश्रम लाया जाएगा। आश्रम प्रबंधन के अनुसार स्वामी जी के पार्थिव शरीर को सोमवार को वैदिक रीति-रिवाज और पूरे विधि-विधान के साथ उन्हें धारकुंडी आश्रम परिसर में समाधि दी जाएगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में संत-महात्माओं और श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। स्वामी जी का जीवन और उनका आध्यात्मिक संदेश आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। फिलहाल अंतिम दर्शन की तैयारियों को अंतिम रूप देने तहसीलदार डॉ शैलेंद्र बिहारी शर्मा और धारकुंडी थाना प्रभारी शैलेंद्र पटेल मौके पर पहुंच कर व्यवस्था बनाने में जुटे हुए हैं। बताया गया है कि पिछले वर्ष 1 जनवरी 2025 को अपने 101वें जन्मदिन के अवसर पर स्वामी जी ने बदलापुर आश्रम से भक्तों को वर्चुअल दर्शन दिए थे, जिसे देश-विदेश में बसे अनुयायियों ने भावपूर्ण रूप से देखा और आशीर्वाद प्राप्त किया था।

### 1956 में घने जंगलों में जलाया था ज्ञान का दीपक

स्वामी परमहंस सच्चिदानंद महाराज का जीवन तप और त्याग की मिसाल रहा है। उन्होंने 22 नवंबर 1956 को अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन स्वामी परमानंदजी के आशीर्वाद से विंध्य के घने जंगलों के बीच धारकुंडी आश्रम की स्थापना की थी। उनका गुरुद्वारा चित्रकूट के सती अनसुइया आश्रम में था।

### 4 माह पहले हुए थे अंतिम दर्शन

भक्तों को याद होगा कि लगभग चार माह पहले जब स्वामीजी चित्रकूट आए थे, तो उनके दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा था। तथा हजारों की संख्या में लोगों ने स्वामी जी के दर्शन प्राप्त किए थे तथा इसी दौरान पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह भी उनका आशीर्वाद लेने पहुंचे थे।

### जहां गुफा में शेर था, वहीं की साधना

आश्रम में पिछले 34 साल से सेवा में जुटे राजकरण बाबा ने बताया कि आश्रम के पास बहने वाली गुफा की जलधारा एक स्थान पर गिरती है, जो अब कुंड का रूप ले चुकी है। इसी कारण इसका नाम धारकुंडी पड़ा। धारकुंडी आश्रम के संस्थापक स्वामी परमहंस सच्चिदानंद जी महाराज का आगमन 22 नवंबर 1956 को हुआ था। उस समय यह स्थान एक घना जंगल था और सिर्फ एक गुफा थी, जिसमें खूंखार शेर रहता था। स्वामी जी वहीं रहने लगे और शेर का आना-जाना स्वतः बंद हो गया।

#### पांच करोड़ राम नाम का जाप

राजकरण बाबा ने आगे बताया कि लगभग 20 वर्ष की उम्र में उन्हें वैराग्य प्राप्त हुआ और वह जानकी कुंड चित्रकूट में रड़छोड़दास महाराज के सानिध्य में रहने लगे। वहीं हनुमान जी ने स्वप्न में उन्हें पांच करोड़ राम नाम का जाप करने का आदेश मिला। 6-7 महीने बाद पुनः स्वप्न आया, जिसमें उन्हें सती अनुसुइया आश्रम में ब्रह्मऋषि परमहंस महाराज के पास साधना के लिए जाने को कहा गया। स्वामी जी ने ब्रह्मऋषि परमहंस महाराज के सानिध्य में 11 वर्षों तक साधना की और फिर वापस धारकुंडी लौटे। उन्हें यह अनुभव हुआ कि यह गुफा महाभारत कालीन वेद श्यांगक ऋषि की तपोस्थली रही है और यही कारण है कि यहां ध्यान और साधना में मन एकाग्र होता है। धारकुंडी आश्रम आज न केवल एक धार्मिक केंद्र है बल्कि यह आस्था, अनुशासन, सेवा और अध्यात्म का जीवंत उदाहरण भी है। यह स्थान हर उस व्यक्ति को आमंत्रित करता है, जो आत्मिक शांति की तलाश में है।

### सीएम मोहन यादव ने जताया दुख

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वामी जी के देवलोकगमन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स हैंडल पर लिखा, सतना के धारकुंडी आश्रम के संस्थापक, परम पूज्य स्वामी परमहंस श्री सच्चिदानंद जी महाराज के परलोक गमन का समाचार अत्यंत दुखद है। उनका संपूर्ण जीवन सेवा, साधना और मानवता के कल्याण को समर्पित रहा। ईश्वर से प्रार्थना है कि, दिवंगत को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल अनुयायियों को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### भाजपा ने कहा-सनातन चेतना के ध्वज वाहक नहीं रहे

**रीवा।** धारकुंडी आश्रम के संस्थापक स्वामी परमहंस सच्चिदानंद महाराज के देवलोक गमन पर पूरे विंध्य में शोक की लहर व्याप्त है। सांसद जनार्दन मिश्रा ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनका अवसान धर्म जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है। स्वामी जी का जन-जन से सामाजिक सरोकार था। श्री मिश्र ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने तथा शोकाकुल अनुयायियों एवं श्रद्धालुओं को यह असहनीय दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। वहीं मऊगंज भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि सनातन चेतना के ध्वजवाहक थे, उन्होंने साधकों की लंबी श्रृंखला खड़ीकर सेवा को भी परोपकार का माध्यम बनाया। भाजपा के नेता कमलेश्वर सिंह, रमेश गर्ग, नारायण मिश्रा, योगेंद्र शुक्ला उमाशंकर पटेल, विवेक गौतम, राजेंद्र त्रिपाठी, प्रमोद व्यास, जय राम अग्निहोत्री, युवराज त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष शिवम द्विवेदी, अरुण तिवारी, दीपक सिंह, शेषमणि पांडे, जितेंद्र सिंह अमरेश पांडे, अरुणेंद्र पटेल, सहित भाजपा नेताओं ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

# एसीएस संजय दुबे ने निर्माणाधीन एसटीपी व टाउन हॉल का किया निरीक्षण

### टाउन हॉल को गीता भवन बनाने की योजना को अपर मुख्य सचिव ने सराहा



**जागरण, रीवा।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) संजय दुबे ने शनिवार की शाम को रीवा प्रवास पर पहुंचे। उन्होंने शाम को ही नगर निगम क्षेत्र में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने एजी कॉलेज परिसर में निर्माणाधीन एसटीपी एवं गीता भवन के लिए प्रस्तावित टाउन हॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान संभागायुक्त बीएस जामोद एवं नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने रीवा पहुंचते ही सर्वप्रथम एजी कॉलेज परिसर में निर्माणाधीन 9 एमएलडी क्षमता की एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) का निरीक्षण किया। उन्होंने एसटीपी के क्रियान्वयन एवं ट्रीटेड वाटर डिस्चार्ज की जानकारी ली। इसके साथ ही रीयूज्ड वाटर के उपयोग हेतु आईडीसी विभाग के साथ एमओयू किए जाने संबंधी जानकारी भी प्राप्त की। यह कार्य लगभग पूर्ण होने के कगार पर है। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को एसटीपी कार्य में तेजी लाकर इसे शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात एसीएस संजय दुबे ने नगर निगम रीवा स्थित टाउन हॉल भवन का निरीक्षण किया। यह भवन गीता भवन के लिए प्रस्तावित है। टाउन हॉल में गीता भवन के निर्माण की योजना के प्रस्तावित प्लान का अवलोकन कर एसीएस ने उसकी सराहना की तथा भवन को अच्छे कंसल्टेंट के माध्यम से सुव्यवस्थित रूप में विकसित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक टाउन हॉल, पार्क के साथ, गीता भवन के रूप में सुव्यवस्थित रूप से विकसित करें। उन्होंने कहा कि शहर के मध्य एक प्रतिष्ठित सांस्कृतिक केंद्र के साथ विभिन्न तरह के उपयोग के लिए इसे स्थापित किया जा सकता है। इस दौरान योजना की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई तथा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एसीएस संजय दुबे द्वारा किये गये निर्माण कार्यो के निरीक्षण के दौरान आईडीसी के मुख्य अभियंता शैलेन्द्र शुक्ल, नगर निगम के उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एमएस सिद्दीकी, कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, एचके त्रिपाठी, सिद्धार्थ सिंह, सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, शीतल भलावी, केएन साकेत, सहायक यंत्री राजेश चतुर्वेदी, कमलेश्वर सिंह, अभिनव चतुर्वेदी, स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी मार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आज लेंगे समीक्षा बैठक

अपर मुख्य सचिव संजय दुबे 8 फरवरी को सुबह 9 बजे से विभिन्न एजेंडों पर नगर निगम से जुड़े कार्यों की कलेक्ट्रेट के माहन सभागार में समीक्षा बैठक लेंगे। इस दौरान श्री दुबे द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, अमृत योजना, दूषित पेयजल की शिकायत, पाइप लाइन और सीवर लाइन इंटरसेक्शन, गीता भवन, राजस्व वसूली, अर्बन चेलेंज फंड, मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना, एसडीआरएफ, डीएमएफ, ई-नगर पालिका, टीएनसीपी के मास्टर प्लान की तैयारी, स्मार्ट सिटी के लंबित कार्य, डेवलपमेंट अथॉरिटी की समीक्षा, पीएम ई बस, पीएम आवास के लिए जमीन का चयन, राष्ट्रीय स्वच्छता वायु कार्यक्रम, पीएम स्वनिधि एवं सीएम हेल्प लाइन की समीक्षा की जाएगी।

### कैसे प्रभावी होगी रीवा विकास योजना 2021

**रीवा।** रीवा शहर के सुनियोजित विकास के लिए रीवा विकास योजना 2021 तैयार तो की गई लेकिन अभी तक प्रभावी नहीं हो पायी है। इस योजना का प्रारूप सार्वजनिक रूप से जारी भी किया गया, जिससे यह उम्मीद बनी कि शहर का विस्तार नियमों, ज़ोनिंग और अधोसंरचना के अनुरूप होगा। लेकिन यह एक कड़वी सच्चाई है कि आज दिनांक तक इस विकास योजना का वास्तविक क्रियान्वयन नहीं हो पाया। इसके पीछे शहर का हो रहा अवैधानिक आवासीयकरण है। हर महीने एक अवैध कालोनी बसायी जा रही हैं। जिन पर रोकथाम ही नहीं लग पा रहा है। इससे बड़ी बात क्या होगी कि 2016 की बाढ़ की विभीषिका झेलने के बाद यह पाया गया कि बीहर नदी में इन्क्लोजमेंट के कारण बाढ़ आई। एनजीटी ग्रीन बेल्ट बनाया लेकिन उसमें भी अवैध कालोनी बस गई। बीहर का एक भाग नगरीय क्षेत्र है तो दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्र। शहरी क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट में ज्यादा अतिक्रमण नहीं हो पाया लेकिन ग्रामीण क्षेत्र करहिया में नदी को पाट कर कालोनी बना दी गई। नगर विकास योजना लगू हो कैसे जब योजना के अनुसार विकास के लिए जमीन ही नहीं बची। आज नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे रीवा विकास योजना की समीक्षा करने आए हैं। शहर की दुर्दशा के लिए जिम्मेदार इन बिंदुओं को भी जानने कोशिश करेंगे या फिर औपचारिकता कर वापस लौट जायेंगे, यह देखना होगा।

# घर-घर में सर्दी-जुकाम पीड़ित बढ़े, गले का दर्द कर रहा बेचैन



## विशेषज्ञों के अनुसार बदलते मौसम में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत

**जागरण, रीवा।** इन दिनों मौसम के बदलते मिजाज के कारण लोग सर्दी खांसी व जुकाम के शिकार हो रहे हैं। इलाज के लिये स्थानीय चिकित्सक सहित सरकारी अस्पताल पहुंचकर बीमारी का इलाज करा रहे हैं। अस्पतालों की ओपीडी में गले और जोड़ों में दर्द सहित सर्दी-जुकाम पीड़ित लगातार पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल सहित मेडिकल कॉलेज में इन बीमारियों से पीड़ितों की संख्या में इजाफा हुआ। विशेषज्ञों का कहना है कि ठंड के मौसम में लोगों को स्वस्थ रहने के लिये सावधानी बरतने की जरूरत है। सावधानी नहीं बरतने पर सर्दी-खांसी और बुखार होने की संभावना बढ़ जाती है। इस मौसम में हल्की लापरवाही सेहत पर भारी पड़ सकती है। यह मौसम उम्रदराज, बच्चे, डायबिटिक, हाइपरटेंसिव एवं श्वास रोगियों के लिए विशेष सावधानी बरतने वाला है।

### गले में खराश और दर्द

विशेषज्ञों के अनुसार मौसम के बदलाव से अधिकतर लोगों को गला में संक्रमण की शिकायत सामने आ रही है। ऐसे में लोगों को समय रहते ही इलाज करवाने की जरूरत है, क्योंकि ठंड पहले नाक को प्रभावित करती है। लगातार छींक आना, आंख और नाक से पानी गिरना, गले में दर्द होना, खराश होना आदि इसके लक्षण हैं। बदलते मौसम में बच्चों में निमोनिया होने की आशंका रहती है।

### बुजुर्ग रखें सावधानी

जिला अस्पताल के चिकित्सकों की मानें तो ठंड से सीधा एक्सपोजर इन दिनों ठीक नहीं है। सर्दी के साथ कफ की समस्या हो सकती है। बुजुर्गों को भी विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। शुरुआती ठंड को लोग अक्सर नजर अंदाज करते हैं, जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए।

### इन बातों का रखें ध्यान...

- सुबह और शाम गर्म कपड़े पहनकर बाहर निकलें
- ज्यादा से ज्यादा पानी का सेवन करें
- गर्म और ताजा खाना ही खाएं
- खाने में हरी और पत्तेदार सब्जियां शामिल करें

# भाजपा ने नियुक्त किए जिला प्रभारी, रीवा के राजेंद्र पांडेय को दी गई उमरिया की जिम्मेदारी

**रविंद्र चौहान को रीवा जबकि शशांक श्रीवास्तव को मऊगंज का बनाया गया प्रभारी**

**रीवा।** शनिवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने हेमंत खंडेलवाल में जिला प्रभारियों की सूची जारी की है। संगठनात्मक मजबूती के लिए पार्टी ने जहां प्रभारी तैनात किए वहीं हासिए में बैठे नेताओं को काम भी सौप भी दे दिया है। श्री खंडेलवाल ने सभी 62 जिलों के लिए प्रभारी की नियुक्ति की है। इस नियुक्ति में रीवा के राजेंद्र पांडेय को भी शामिल किया है। राजेंद्र पांडेय को उमरिया जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह सतना व सीधी से भी कुछ नेताओं को शमिल किया गया है। इस नियुक्ति में रीवा जिले की कमान रविंद्र चौहान को जबकि मऊगंज की जिम्मेदारी शशांक श्रीवास्तव को दी गई है। इसी प्रकार सतना जीएस ठाकुर, मैहर नंदिता पाठक, सीधी नरेंद्र त्रिपाठी जबकि सिगरौली की जिम्मेदारी विनोद यादव को सौंपी गई है।

### प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हैं राजेंद्र पांडेय

वैसे तो राजेंद्र पांडेय मऊगंज जिले के मूल निवासी लेकिन वह रीवा में रहने लगे हैं। रीवा में अपना स्थायी निवास व पता भी बदलवा लिया है। बतादें कि राजेंद्र पांडेय वर्तमान में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हैं। वे 1998 से 2009 तक प्रचारक रहे। 2009 से 2013 तक विभाग प्रचारक व 2016 से 2020 तक जिला विद्याभारती सतना, 2020 से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के साथ ही सिहावल व सेमरिया विधानसभा के प्रभारी भी रह चुके हैं।

**ग्रहों की बदलती चाल से देश-दुनिया में आएगा परिवर्तन, मौसम भी बदलेगा**

# फरवरी है कुछ खासः बुध, शुक्र, सूर्य, मंगल बनाएंगे त्रिग्रही-चतुर्ग्रही योग, कई जातकों के लिए शुभ

### लक्ष्मीनारायण राजयोग, मंगल आदित्य, शुक्रादित्य, पंचग्रही और बुधादित्य राजयोग का विशेष संयोग



**जागरण, रीवा।** फरवरी ग्रहों के परिवर्तन के लिहाज से काफी खास रहने वाला है। इस माह कुंभ राशि में सूर्य, मंगल, बुध, शुक्र और राहु एक साथ होंगे। ये सभी ग्रह मिलकर त्रिग्रही और चतुर्ग्रही जैसे योग बनाएंगे। ज्योतिषाचार्यों की माने तो फरवरी में लक्ष्मीनारायण राजयोग से लेकर मंगल आदित्य, शुक्रादित्य, पंचग्रही और बुधादित्य राजयोग का निर्माण होगा। 3 फरवरी को बुध कुंभ राशि में प्रवेश कर राहु के साथ युति बना चुके हैं। 6 फरवरी (शुक्रवार) को शुक्र भी कुंभ राशि में आने से त्रिग्रही से लेकर लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण किये हैं। शुक्रवार को सूर्य धनिष्ठा नक्षत्र, 7 फरवरी को बुध और 11 फरवरी को शुक्र शतभिषा नक्षत्र क्षत्र में प्रवेश कर जाएंगे। 13 फरवरी को सूर्य भी कुंभ राशि में आने से बुधादित्य, शुक्रादित्य के अलावा एक साथ ग्रह मिलकर चतुर्ग्रही योग का निर्माण करेंगे। 15 फरवरी को मंगल धनिष्ठा नक्षत्र और बुध पूर्वाभाद्रपद, 19 फरवरी को अरुण कृत्तिका नक्षत्र और सूर्य शतभिषा नक्षत्र, 22 फरवरी को शुक्र पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र शनि उत्तराभाद्रपद नक्षत्र के दूसरे पद में प्रवेश कर जाएंगे। 23 फरवरी को मंगल भी कुंभ राशि में आएंगे और अंत तक बुध कुंभ राशि में ही वक्री हो जाएंगे। सिंह राशि में केतु, मीन राशि में शनि रहेंगे।

### शेयर बाजार व व्यापार में तेजी की संभावना

एक ही माह में चार से ज्यादा ग्रहों के परिवर्तन से वृषभ, मिथुन, सिंह, तुला, मकर और कुंभ राशियों के जातकों को शुभ फल के साथ कार्यों में अच्छी सफलताओं के योग बनेंगे। देश-दुनिया में व्यापार में तेजी, शेयर बाजार में उछाल सहित मौसम में भी परिवर्तन देखने को मिलेगा।

#### राशियों के जातकों पर असर

गोचर में शुक्र जातक की राशि से दूसरे, तीसरे, चौथे, सातवें, ग्यारहवें, बारहवें भाव में शुभफलदायी होते हैं और 1,6 व 9वें भाव में शुक्र का भ्रमण प्रतिकूल होता है। अतः लगभग अगले 30 दिन शुक्र ग्रह मेष, मिथुन, कर्क तुला, वृश्चिक, धनु, कुंभ व मीन राशि के जातकों के लिए अपने कारक विषयों में सामान्य शुभ फलदायी होंगे। शेष राशि के जातकों के लिए सामान्य फलदायी रहेंगे।

#### साल का पहला सूर्यग्रहण 17 को

2026 का पहला सूर्यग्रहण 17 फरवरी को पड़ने जा रहा है। कुंभ राशि में होने वाले इस कंकण कृति सूर्यग्रहण का असर भारत में नहीं रहेगा, इसलिए सूतक काल भी मान्य नहीं होगा।

# वार्डवार कमेटियों के गठन से कांग्रेस संगठन होगा मजबूत



**रीवा।** संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र सिरमौर, त्योंथर और सेमरिया के ब्लॉक अध्यक्षों तथा मण्डलम् अध्यक्षों की बैठक जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता मे उर्रहट स्थित कांग्रेस कार्यालय मे सम्पन्न हुई। विधानसभावार संगठन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत और वार्डवार कमेटियों के गठन को लेकर श्री शर्मा ने कहा कि लोकसभा मे विपक्ष के नेता राहुल गांधी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभारी हरीश चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ग्राम पंचायत और नगरों में वार्डवार कमेटियों का गठन कर संगठन को सुदृढ़ करना चाहते हैं। सभी ब्लॉक अध्यक्ष सर्वसम्मति से ग्राम पंचायत और वार्ड मे कांग्रेस जनों को एकत्रित कर एक अध्यक्ष का सर्वसम्मति से चुनाव करें तथा उनकी सहमति से प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी फार्मेट के अनुसार कमेटी का गठन करें। इस कमेटी मे हर जाति, वर्ग अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, युवाओं एवं महिलाओं को हर हाल मे शामिल किया जाये, क्योकि जबतक इनकी भागीदारी नही होगी तो हमारी कमेटी पूर्ण नही कही जायेगी। बैठक में संगठन मंत्री रवि तिवारी, विधानसभा प्रभारी त्योंथर राजू सिंह सेंगर, विधानसभा सिरमौर, त्योंथर, सेमरिया के ब्लॉक प्रभारी शत्रुघ्न सिंह सलैया, रामनरेश तिवारी, दिलीप सिंह, जुल्फीलाल साकेत, इन्द्रमणि सिंह, प्रदीप कुमार दीपू पंडित, ओंकारनाथ पाण्डेय, अध्यक्ष विष्णु शुक्ला, अनिल गुप्ता, कमलेश्वर सिंह पटेल, विजय शंकर भूर्तिहा, मनोज शुक्ला, गुरुगोविन्द सोनी, पूर्णेन्द्र सिंह, विश्वनाथ सिंह, राजपति सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहें।






## स्कूल मरम्मत के नाम पर फर्जी भुगतान मामला

# सात स्कूल प्राचार्यो को कमिश्नर ने किया सस्पेंड, आदेश जारी

**नियम विरुद्ध भुगतान पर पहले भी प्राचार्यों पर हो चुकी है कार्यवाही**

**मैहर जिले के रामनगर विकास खंड की स्कूलों में की गई है गड़बड़ी**



जागरण, रीवा

लोक शिक्षण संचालनालय ने शा. हायर सेकेण्डरी और हाई स्कूलों को भवन मरम्मत, लघु निर्माण और पार्किंग शेड, साइकिल स्टैंड के निर्माण के लिए बजट बीईओ रामनगर को आवंटित की थी। इस राशि का दुरुपयोग किया गया। बिना काम के ही लाखों रुपए का वारा न्यारा कर दिया गया। इसकी जानकारी कलेक्टर को हुई तो उन्होंने जांच समिति गठित कर दी। प्रकरण के प्रारंभिक जांच मे बीईओ रामनगर फंस गए। कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन कमिश्नर के पास भेजा गया था। कमिश्नर ने बीईओ को पहले ही निलंबित कर दिया। इसके बाद अब अन्य प्राचार्यों, कर्मचारियों पर भी गाज गिरनी शुरू हो गई। जांच में मिला की शाउमावि गुलवार गुजारा शिवलाल बैस, इन्होंने विसंगति पूर्ण तरीके से 23 लाख 99 हजार 506 रुपए का आहरण नियम विरुद्ध किया। हर्रई प्राचार्य शियावर सिंह ने 22 लाख 30 हजार में से 22 लाख 29 हजार 506 रुपए का भुगतान किया। लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा देवदहा प्राचार्य ने 24.95 लाख में से 24 लाख 91 हजार 941 का भुगतान किया। श्रवण सिंह प्राचार्य कदवारी को 23.60 लाख राशि मिली थी, 23.59 लाख का अनियमित भुगतान किया गया। देवराजनगर प्राचार्य रामलखन रावत को 24.95 लाख रुपए मिले थे, जिसमें 24.10 लाख का अनियमित भुगतान किया गया। गोरसरी प्राचार्य गुलजार सिंह को 24.95 लाख में से 24.94 लाख रुपए का अनियमित भुगतान किया गया। हाई स्कूल गोविंदपुर प्राचार्य मथुरा प्रसाद को 23.40 लाख की राशि दी गई थी, जिसमें 23.39 लाख रुपए का अनियमित भुगतान किया गया। संभागायुक्त ने सातों प्राचार्य को निलंबित कर दिया है।

## महसांव उपकेंद्र की बढ़ी क्षमता : 5 की जगह 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित



**रीवा।** गुढ़ क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। पूर्व संभाग रीवा के अंतर्गत गुढ़ वितरण केंद्र के महसांव 33/11 केवी उपकेंद्र में बिजली की बढ़ती मांग और ओवरलोडिंग की समस्या को देखते हुए विभाग द्वारा पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता दोगुनी कर दी गई है। यहाँ पूर्व में स्थापित 5 एमवीए ट्रांसफार्मर को बदलकर 10 एमवीए का नया उच्च क्षमता वाला ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत कर दिया गया है। इससे गर्मियों में फाल्ट और ट्रिपिंग से निजात मिलेगी। अक्सर देखा जाता था कि गर्मियों का सीजन शुरू होते ही बिजली की खपत बढ़ने के कारण आए दिन फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या बनी रहती थी। अब क्षमता दोगुनी होने से महसांव, बड़गांव, रकरिया, गोरगी, पुरास, पथठरा और बाघमणा जैसे दर्जनों गांवों के हजारों उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज और अघोषित कटौती से स्थाई राहत मिलेगी। इस क्षमता वृद्धि का सीधा लाभ महसांव और गुढ़ के घरेलू फीडरों के साथ-साथ कृषि फीडरों को भी मिलेगा। क्षेत्र के उपभोक्ता एवं जनप्रतिनिधियों ने विद्युत विभाग के इस कार्य आभार जताया है।

## दो कारों के बीच टक्कर, जनहानि टली



**रीवा।** गोविंदगढ़- रीवा मार्ग में अमिलकी गांव के समीप दो कारों के बीच ओवरटेक के चक्कर में टक्कर होना बताया जा रहा है। गनीमत रही हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। बताया जा रहा है कि यह हादसा वाहनों को ओवरटेक करने के चक्कर में हुआ है, जिस दौरान दोनों कारे आपस में जा टकराई जिससे दोनों कार क्षतिग्रस्त हो गई। बताया गया कि कार सवारों को घटना में मामूली चोट पहुंची जिससे बड़ी जनहानि टल गई।

# समस्त लक्षित पात्र जनसंख्या को खिलाई जाएगी फाइलेरिया रोधी दवा : सीएमएचओ

**मीडिया एडवोकेसी कार्यशाला में फाइलेरिया अभियान की दी गई जानकारी**



**जागरण, रीवा।** मऊगंज जिले के हनुमना ब्लॉक में फाइलेरिया (हाथीपांव) से बचाव के लिए 10 से 24 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन अभियान चलाया जाएगा। अभियान के सफल क्रियान्वयन एवं व्यापक जनजागरुकता के लिए जिला स्तरीय मीडिया एडवोकेसी कार्यशाला का आयोजन जिला अस्पताल रीवा में किया गया। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने मीडिया कर्मियों को जानकारी दी कि अभियान के दौरान ब्लॉक के समस्त लक्षित पात्र जनसंख्या को फाइलेरिया रोधी दवा डीईसी सौ एमजी की गोली एवं चार सौ एमजी गोली का सेवन उम्र के अनुसार कराया जाएगा। पाँच वर्ष से ऊपर के लोगों को आइवरमैक्टीन दवा की एक खुराक ऊंचाई के अनुसार दी जाएगी। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं अति वृद्ध अथवा गंभीर बीमारी वाले व्यक्तियों को दवा का सेवन नहीं कराया जाएगा। दवाओं का सेवन प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा कराया जाएगा। उन्होंने मीडिया कर्मियों से फाइलेरिया अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के सहयोग के लिए अनुरोध किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि फाइलेरिया मच्छरों के काटने से फैलने वाला एक परजीवी रोग है। इसके लक्षण (पैरों या अंगों में सूजन) संक्रमण के कई सालों बाद दिखाई देते हैं। अभियान के दौरान 10 और 13 फरवरी को चिन्हित बूथों पर एवं 14 से 24 फरवरी तक घर-घर जाकर समस्त लक्षित जनसमुदाय को दवा का सेवन कराया जाएगा। यह दवा फ़ाइलेरिया के परजीवीयो को मार देती है और हांथीपाँव व् हाइड्रोसील जैसी बीमारी से बचाने में मदद करती है। दवा पेट के अन्य खतरनाक कीड़ों को भी ख़त्म कर देती है तथा खुजली एवं जू के खात्मे में भी मदद करती है। चूंकि इस बीमारी में हाथ और पैर हाथी के पांव जितने सूज जाते हैं इसलिए इस बीमारी को हाथीपांव कहा जाता है। रोग की प्रारंभिक अवस्था मे बुखार, बदन में खुजली और पुरुषों के जननांग और उसके आस-पास दर्द व सूजन की समस्या होती है। इसके अलावा पैरों और हाथों में सूजन, हाइड्रोसिल (अंडकोषों की सूजन) भी फाइलेरिया के लक्षण हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इस बीमारी का कारगर इलाज नहीं है। इसकी रोकथाम ही इसका समाधान है। इस रोग से बचाव के लिए मॉस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन प्रोग्राम में सभी लाभार्थियों को दवा अनिवार्यतः लेने की जरूरत है जो रामबाण होने के साथ ही सुरक्षित भी है। फाइलेरिया चूंकि मच्छर के काटने से फैलता है, इसलिए बेहतर है कि मच्छरों से बचाव किया जाए। इसके लिए घर के आस-पास व अंदर साफ-सफाई रखें। पानी के आस-पास पानी जमा न होने दें, समय-समय पर कीटनाशक का छिड़काव करें। घर में मच्छर भगाने वाली लिक्विड दवाओं का उपयोग करें और पूरी बाजू के कपड़े पहनकर रहें। सोते वक्त हाथ-पैर व अन्य खुले भागों पर सरसों या नीम का तेल लगाएं। डब्ल्यूएचओ विश्व स्वास्थ्य संगठन मुताबिक भारतीयों पर फाइलेरिया रोग का खतरा मंडरा रहा है। फाइलेरिया दुनिया की दूसरे नंबर की ऐसी बीमारी है जो बड़े पैमाने पर लोगों को विकलांग बना रही है। फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है। यह जान तो नहीं लेती है, लेकिन जिंदा आदमी को मृत के समान बना देती है। फाइलेरिया न सिर्फ व्यक्ति को विकलांग बना देती है बल्कि इससे मरीज की मानसिक स्थिति पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। अगर समय पर फाइलेरिया की पहचान कर ली जाए तो जल्द इलाज शुरू किया जा सकता है और मरीज़ के स्वस्थ होने की संभावना भी ज्यादा होती है।

# ट्रक की टक्कर से कार सवार की मौत



**जागरण, रीवा।** वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहा कार सवार सगरा थाना क्षेत्र के लौआ के पास शनिवार को हादसे का शिकार हो गया। अचानक कार और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। घटना में कार सवार युवक की की मौत हो गई। बताया गया कि घटना के बाद कार सवार को गंभीर हालत में संजय गाधी अस्पताल लाया गया जहां जांच उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करौंदा निवासी शिव प्रताप सिंह के रूप में की गई। जानकारी दी गई कि कार सवार शुक्रवार की रात एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद वापस अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वो सगरा थाना क्षेत्र के लौआ के समीप पहुंचा, तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से कार की टक्कर हो गई। अचानक हुए इस हादसे के बाद मौके पर मची अफरा-तफरी के बीच स्थानीय लोगों ने कार में फंसे चालक को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और उसे अस्पताल भेजा गया, जहां अस्पताल पहुंचते ही घायल कार सवार ने दम तोड़ दिया है। घटना के बाद सगरा पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**मायके पक्ष के लोगों ने लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप**

**लालगांव चौकी क्षेत्र के खैरा गांव की घटना**



**जागरण, रीवा।** शादी के 2 माह बाद ही नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का लालगांव चौकी के खैरा गांव में सामने आया है। मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। मृतका के पिता ने पति सहित ससुराल जनों द्वारा दहेज के नाम पर 5 लाख रुपयों की मांग किए जाने की बात कही है। घटना की सूचना पर गढ़ और लालगांव पुलिस मौके पर पहुंची जो पूरे मामले की जांच कर रही है। बताया गया कि शासकीय शिक्षक दिलीप मिश्र का दो माह पूर्व 22 नवम्बर को अतरैला थाना क्षेत्र लूक निवासी रामरहीश पाठक की पुत्री प्रिया तिवारी से विवाह सम्पन्न हुआ था। बताया गया कि शिक्षक दिलीप मिश्रा पूर्व से ही शादीशुदा था, जिसने पहली पत्नी से अलग होकर प्रिया से दूसरा विवाह रचाया था। शुक्रवार की देर शाम प्रिया की ससुराल संदिग्ध परिस्थितयों में मौत की खबर सुन परिजन खैरा गांव पहुंचे और हत्या का आरोप लगाते हुये जमकर हंगामा किया। मृतका प्रिया के पिता रामरहीश ने बताया कि ससुरालजनों पर बेटी ने प्रताड़ित करने की बात कही थी। आरोप है कि पति और उसके ससुरालजनों द्वारा शासकीय नौकरी का रसूख दिखाकर 5 लाख रुपयों की मांग की थी और उनकी मांग पूरी न होने पर उनके पुत्री की हत्या कर दी गई। घटना की सूचना पर पुलिस के साथ-साथ नायब तहसीलदार बिंदु तिवारी भी मौके पर पहुंची जिन्होंने परिजनों को पीएम रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्यवाही का भरोसा दिलाते हुए न्याय का भरोसा दिलाया है।

# इंस्टाग्राम से दोस्ती के बाद दुष्कर्म, पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से की कार्रवाई की मांग

**विश्वविद्यालय थाना में दर्ज है दुष्कर्म का मामला**

**जागरण, रीवा।** इंस्टाग्राम सोशल प्लेटफार्म से दोस्ती के बाद एक युवती ने युवक पर दुष्कर्म की शिकायत विश्वविद्यालय थाना में दर्ज करवाई थी। पीड़िता ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आरोपी युवक और उसके पिता पर कार्रवाई कर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ उसने विश्वविद्यालय थाना में शिकायत दर्ज करवाई जिसके बाद उसने उसकी अश्लील फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर दी जब उसने इसकी शिकायत उसके पिता से की तो उन्होने रिपोर्ट वापस लेने और जान से मरवाने की धमकी दी। पीड़िता ने मामले में पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने बताया कि वह शहर में किराये का कमरा लेकर पढ़ाई करती है, जुलाई 2023 में उसकी जान पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से अवधेश रजक निवासी नागौद से हुई थी। 01 अगस्त वर्ष 2023 को अवधेश अपने किसी काम से अवधेश प्रताप विश्वविद्यालय आया जिसके बाद वह उससे मिला और उसके किराए के कमरे में आकर जबरन दुष्कर्म किया। इसके बाद कई बार वह धमकी देकर उसके साथ गलत काम करता रहा। 22 दिसम्बर 2025 को आरोपी युवक उसे अपने साथ निर्मला होटल नागौद लेकर गया जहां डरा धमकाकर दुष्कर्म किया गया। परेशान होकर युवती ने पूरी घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी जिसके बाद 30 जनवरी को पीड़ित युवती ने परिजनों के साथ मामले की शिकायत विश्वविद्यालय थाना में दर्ज करवाई थी। पीड़िता का कहना है कि शिकायत के बाद आरोपी उसको लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा है, साथ ही उसकी अश्लील फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर रहा है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई के लिए न्याय की मांग की है।

# हत्या के मामले में फरार इनामी आरोपी पकड़ाया

**हनुमना पुलिस कर रही थी तलाश**

**जागरण, रीवा।** हत्या के मामले फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी को हनुमना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी शिवेन्द्र पाठक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पुलिस अधीक्षक मऊगंज द्वारा 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस के अनुसार, 30 सितंबर 2025 को फरियादी सोहनलाल कुशवाहा ने थाना हनुमना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि खेत जोतने के दौरान ट्रैक्टर निकालने को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद में चिंतामणि पाठक सहित अन्य आरोपियों ने फरियादी, उसके पिता छोटेलाल कुशवाहा और भाई के साथ लाठी, डंडा और टांगी से मारपीट की। गंभीर रूप से घायल छोटेलाल कुशवाहा को रीवा रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि एक आरोपी घटना के बाद से फरार था। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।





## साहित्य सृजन

### पान



थूंक रहें दीवार में, गुटका ,खैनी, पान,
साफ सफाई राखिए, देकर जन जन ध्यान।
लेना अपने फैसले,मंथन करके आप,
पान सुपाड़ी का नशा,देता है संताप ।
खान- पान दूषित हुआ,मनुज है परेशान,
घुला रसायन भोज में, रोग किए हैरान ।
शादी, पूजा, तीज में,पान बने श्रृंगार,
मेला या त्योहार में,खाते कर स्वीकार।
पान पात का हो सदा, औषधि में उपयोग
अपच, कब्ज,सूजन रहे,करते इसे प्रयोग।
मगही ,बंगला ,पान के,होते कई प्रकार,
बनारसी, कपूरी भी, पाता कोई न पार ।
रहे शगुन है पान में ,शुभता का आधार,
कत्था चूना को मिला,खाते हैं व्यवहार ।
भरके मुँह में पान को,चबा- चबा बतिआंय,
मीठा सा रस घोल के, फूले नहीं समाय।

**रश्मि शुक्ला, रीवा**

### त्याग का बोध



त्याग कोई हार नहीं होता,
न ही खुद को मिटा देने का नाम,
यह तो वह दीप है,
जो अँधेरे में रहकर
दूसरों को राह दिखाता है।
जिसने अपने हिस्से का सुख
मुस्कुराकर बाँट दिया,
वह खाली नहीं हुआ
बल्कि भीतर से
और समृद्ध हो गया।
त्याग शोर नहीं करता, न तालियों की माँग करता है,
वह चुपचाप, कर्तव्य की चादर ओढ़े
संवेदना बनकर जीता है।
जहाँ स्वार्थ की दीवारें ऊँची हों, वहीं त्याग की नींवसबसे गहरी होती है,
क्योंकि वही, मनुष्यता को टिकाए रखती है।
त्याग का बोध, सिखाता है इतना कि, खुद से पहले
किसी और के काम आ जाना
ही सबसे बड़ा धर्म है।।

**शिवानी चतुर्वेदी 'रेखा', हिनौती रीवा**

### विंध्य केर बेरोजगार बपुरे



हमरे बिंध्य मा भरा खजाना, खनिजन के भण्डार का।
तउ हिआं के लड़िका ललकैं रोटी औ रोज़गार का !!
चारिव कइती खुली फैकटरी उड़ै गुंग औ धूर।
बपुरे बेरोजगार के सपना तउ हैं चकना चूर।।
रोज भगा थें बम्बई सूरत दादू राजू झल्ला।
पै मुड़धरिया करैं न एकव उइ बपुरेन का तल्ला।।
जे उद्योगन के निता सजाइस मन के स्वागत द्वार का।
तउ हिआं के लड़िका बागैं रोटी औ रोज़गार का !!
जय जबान औ जय किसान का कइसा निकरै नारा।
बेरोजगार बागैं जमान औ खेतिहर फिरै निकारा।।
अउने-पठने दाम चली गै खेती केर जघा।
मीठ - मीठ बातन मा परिके बागै ठगा-ठगा।।
उद्योगन के निता दइस जे पेटे के आधार का।
तउ हिआं के लड़िका बागैं रोटी औ रोज़गार का !!

**हेमराज हंस, भेंड़ा मैहर**

### संसद मा



मचा ह्य हाहाकार देश के संसद मा
करथें नैना चार देश के संसद मा ।।
बड़े बड़ेन के धनिआ आसंउ बोइ दिहिन
कश्मीर किहिन उद्धार देश के संसद मा।।
कुछु पढ़े लिखे कुछु बाउर बोंचर हम्मा बिचारे
कुछु हम्य नगद गरिआर देश के संसद मा।।
परिगा सहूर मा पथरा पानी साहब के
हां देंहे से बरिआर देश के संसद मा।।
उकठा बांदर साही बपुरा बोलि रहा
ह्य राफेल से बीमार देश के संसद मा।।
गले मिलथां गले पड़ियां नेताजी
हैं लुणिआमय का तैयार देश के संसद मा।।
दांत निकारे हिही हिही कुछु बोलि रहें
ह्य जोकरन के भरमार देश के संसद मा।।
जनता केखा केखा चुनि के भेजि दिहिस
हां बड़े बड़े चंहणार देश के संसद मा।।
जे साठि साल हं खाइन भारत देश का
हां ओइ बने हुसिआर देश के संसद मा।।
सगले कांदउ सगरे माटी खुब खुरखुन्द मचाइन
नगद त ह्य झरिआर देश के संसद मा।।

**नीरज 'निर्मोही', मऊगंज**

### वैलेंटाइन डे



चलो आपको एक ,कहानी सुनाता हूँ ।
वैलेंटाइन क्या है? ये बताता हूँ ।।
सबसे पहले आपको, गुलाब दिया जाएगा ।
फिर अगले दिन प्रेम का, प्रस्ताव किया जाएगा ।
फिर आ जाएगी, चॉकलेट की बारी ।
प्यारे प्यारे टेडीबियर, की होगी खरीददारी ।।
ऐसे ही आपसे, वादा लिया जाएगा ।
आहिस्ता से प्रेम वाला,आलिंगन किया जाएगा ।।
फिर आ जायेगी , चुम्बन की बारी ।
अगले दिन मिलेंगे , उपहार भारी भारी ।।
ऐसे ही वैलेंटाइन , मनाया जाएगा ।
झूठा मूठा प्यार , दिखाया जाएगा ।।
आप नादान हो , कुछ नही जानते ।
इस प्रेम वाले जाल को क्यों नही पहचानते ?
झूठे प्यार के लिए , माँ का दिल मत दुखाना ।
कोई कितना भी लालच दे, घर मत छोड़ जाना ।।
बाप की इज्ज़त को यूं नीलाम मत करना ।
फरेब की दुनिया में, कदम मत धरना ।।
प्रेम करना है तो, अपने वतन से करो ।
मां बाप की झोली, खुशियों से भरो ।।

**शिवेन्द्र मिश्रा 'प्रखर', मनिकवार**

# समग्र भारत के चतुर्दिक विकास का है बजट : जनार्दन

## केंद्रीय बजट-2026 को लेकर पत्रकार वार्ता

**मऊगंज ब्यूरो**




रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने शनिवार को मऊगंज भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट-2026 को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी के नेतृत्व में समग्र भारत के चतुर्दिक विकास का बजट प्रस्तुत किया है। केंद्रीय बजट 2026 देश की जनता के प्रति सरकार के कर्तव्यों को पूरा करने वाला डॉक्यूमेंट है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में 240 कल्याणकारी योजनाओं के साथ केंद्र सरकार देश की 145 करोड़ जनता के हितों के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आजाद भारत के बाद यह पहला बजट है जब कर्तव्य भवन में बैठकर तीन कर्तव्यों वाला बजट बनाया गया है। पत्रकार वार्ता मऊगंज के रॉयल गैलेक्सी होटल में आयोजित की गई। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा संतोष सिंह सिसोदिया योगेंद्र शुक्ला विपिन मिश्रा जयप्रकाश मिश्रा मनोज सिंह प्रमोद यादव अजय मिश्रा मीडिया प्रभारी उपस्थित रहे। रीवा सांसद ने सवालों के जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की दूरदृष्टि और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की उनकी परिकल्पना से हमारा देश आज विश्व के सबसे बड़े और विकसित देशों का विकास के मामले में सीधा मुकाबला कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 में भारत का बजट 16.65 लाख करोड़ का प्रस्तुत किया गया था। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने 17.95 लाख करोड़ का बजट प्रस्तुत किया। इस साल 53 लाख 50 हजार करोड़ का बजट केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया है। यह बजट राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश को विश्व का अग्रणी राष्ट्र बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। सरकार अब हेल्थ टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर काम कर रही है। इससे भारत मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकेगा और अधिक पर्यटक इलाज के लिए भारत आएंगे। सरकार ने महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है। बजट में महिला हॉस्टल, कौशल विकास कार्यक्रम और स्व- सहायता समूहों के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए गए हैं। इन योजनाओं से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके सामाजिक-आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। विद्यालयों, महाविद्यालयों और खेल मिशन के माध्यम से भारतीय खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने कौशल को साबित करने का अवसर मिलेगा, इससे भारत में खेलों को एक नया मुकाम मिलेगा और हमारी युवा पीढ़ी को इससे लाभ होगा।

# प्राथमिक शाला की जमीन पर पंचायत भवन का निर्माण कराने सरंपच पर लगे आरोप



**गढ, नि.प्र.।** संस्था और राजस्व विभाग की निष्क्रियता के कारण शासकीय संस्थाओं की जमीन खसरे और रिकॉर्ड से विलुप्त होने के आरोप लगे हैं। ग्रामीणों ने संवाददाता को बताया कि ग्राम पंचायत रक्षा मजान विकासखंड गंगेव तहसील मनगवां के प्राथमिक शाला माध्यमिक शाला आंगनवाड़ी केंद्र किचन, हैंडपंप नल जल योजना के अंतर्गत पानी की टंकी और रास्ते इसी भूमि पर दर्ज है, खसरे में भूमि नंबर 415 भूमि पर संस्थाएं बनी है और संस्था के नाम हस्तलिखित खसरे में अंकित है किंतु ग्राम रक्षा मजान के सरपंच के द्वारा इस भूमि की रक्षा की जानी थी किंतु सरपंच द्वारा मनमानी पूर्ण ढंग से इस पर पंचायत भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। सरपंच द्वारा एक कूट रचित प्रस्ताव पारित किया गया जो प्रस्ताव में उसे भूमि के वास्तविक संस्थाओं का नाम का उल्लेख नहीं किया गया बल्कि ग्रामीण और संस्था द्वारा नायब तहसीलदार न्यायालय वृत्त गढ़ से स्थगन मिला था। सरपंच द्वारा 12 दिसंबर 2025 को नवायीत परिवर्तन हेतु न्यायालय कलेक्टर में आवेदन लगाया गया था जिसमें प्रस्ताव 14 अप्रैल 2025 साथ ही पंचायत सरपंच का पत्र 03 दिसंबर 2025 यह सभी अंकित कार्यालय में प्रस्तुत किए गए पर प्रस्ताव और पत्र में इन संस्थाओं का उल्लेख नहीं किया गया बल्कि इसी 415 भूमि पर प्लाट आवंटित है , आम रास्ता आवंटित है, इन सब रकबों को काट कर संस्था की जमीन सुरक्षित कर शेष जमीन पर पंचायत को अगला निर्माण कार्य प्रारंभ करना था जबकि ग्राम पंचायत रक्षा मजान में तीन ग्राम जुड़े हैं। रक्षा, मजान, माल, बंतर इन सभी ग्रामों में शासकीय भूमि अभी भी मध्य प्रदेश शासन के नाम शेष हैं। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी से बात की गई उनके द्वारा कहा गया की जांच कर कर उचित कार्यवाही की जाएगी। संस्था की जमीन पर किसी को अतिक्रमण करने की छूट नहीं प्रदान की जाएगी। इस संबंध में संवाददाता का तहसीलदार अन्य अधिकारियों से संपर्क नहीं हो पाया तथा संकुल प्राचार्य से भी संपर्क नहीं हो सका।

# तिलखन में अमेरिका-भारत समझौते का विरोध, फूंके पुतले



**रीवा।** अमेरिकी वस्तुओं पर शून्य प्रतिशत आयात शुल्क समझौते के तहत अमेरिका भारत के विशाल बाज़ार में अधिक अमेरिकी कृषि उत्पाद निर्यात करेगा जिससे कीमतें बढ़ेंगी और अमेरिका की अर्थव्यवस्था के साथ-साथ वहां का किसान मजबूत होगा और भारत के किसानों की कमर पूरी तरह से टूट जाएगी। जिसके विरोध में संयुक्त किसान मोर्चे के राष्ट्रीय आह्वान मुताबिक ग्राम तिलखन में एसकेएम के नेता किसान संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष फौजी यदुवंश प्रताप सिंह की अगुवाई में पुतले जलाकर भारत अमेरिकी व्यापार नीति का कड़ा विरोध किया गया। पुतला दहन में मोर्चे के नेता दर्शन सिंह दानबहादुर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद तिवारी सुखदेव कुशवाहा जयकरण कुशवाहा पुष्पेंद्र सिंह बलिकरन कुशवाहा कामता कुशवाहा उपेंद्र सिंह बघेल ओम सिंह आदि किसान काफी संख्या में उपस्थिति रहे। मोर्चे के नेता शिव सिंह ने कहा कि यह सिलसिला लगातार 11 फरवरी तक चलेगा, इसके बाद बड़े आंदोलन का ऐलान किया जाएगा।

# देवतालाब-बन्नई खरीदी केंद्र में अनियमितता के लगे आरोप

**नईगढ़ी, नि.प्र.।** जिले के देवतालाब-बन्नई उपार्जन केंद्र में धान खरीदी में अनियमितता के आरोप लगे हैं। सरकारी पोर्टल के आंकड़े और मौके की वास्तविक स्थिति में भारी अंतर ने पूरे खरीदी तंत्र पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर दिनांक 31 जनवरी 2026 तक दर्ज आंकड़ों के अनुसार कुल धान खरीदी 38,935 क्विंटल, उठाव (डिस्पैच) 34,227 क्विंटल, पोर्टल पर दर्शाया गया शेष स्टॉक 4,509 क्विंटल है लेकिन किसानों का कुछ और ही कहना है। स्थानीय किसानों और ग्रामीणों के अनुसार, देवतालाब-बनई खरीदी केंद्र पर भौतिक रूप से मौजूद धान की मात्रा महज लगभग 960 क्विंटल है। ऐसे में सीधा सवाल खड़ा हो गया है कि पोर्टल पर दिखाए जा रहे 4,509 क्विंटल में से शेष 3,500 क्विंटल से अधिक धान आखिर गया कहां? स्थानीय किसानों ने संवाददाता को बताया कि जब सरकारी रिकॉर्ड कहता है कि केंद्र पर हजारों क्विंटल धान मौजूद है और ज़मीनी सच्चाई में वह धान दिखाई नहीं देता, तो इसे महज़ प्रशासनिक त्रुटि नहीं माना जा सकता। यह मामला व्यवस्थित गड़बड़ी या संगठित हेराफेरी की ओर इशारा करता है। ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि रात के अंधेरे में उत्तरप्रदेश से धान लाकर उसे स्थानीय खरीदी दिखाकर सरकारी भुगतान निकाला गया। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि इस पूरे खेल में बड़े व्यापारी गिरोह सक्रिय हैं। कुछ नामों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं, हालांकि समाचार पत्र किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच रहा। लेकिन जांच से बचने की कोशिश खुद संदेह को गहरा करती है।

### प्रशासन से जमीनी जांच की मांग

ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर मऊगंज से मांग की है कि खरीदी केंद्र का भौतिक सत्यापन कराया जाए, गोदाम खोलकर तौल कराई जाए, रात में हुई आवक-जावक, वाहन रिकॉर्ड, चालान के माध्यम से जांच हो।

### महात्रिशूल यात्रा का गढ़ में हुआ भव्य स्वागत



**गढ़, नि.प्र.।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से अयोध्या धाम में स्थापित होने जा रहे विशाल महात्रिशूल की यात्रा शनिवार सुबह 10 बजे रीवा जिले के गढ़ ग्राम पहुंची। गढ़ ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति और स्थानीय नागरिकों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के ग्राम आगमन पर, समिति के सदस्यों और निवासियों ने भक्तों के लिए जलपान और स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की। इस धार्मिक अवसर पर महात्रिशूल के दर्शन कर सभी ग्रामवासी धन्य हुए। यह महात्रिशूल सनातन हिंदू एकता यात्रा का हिस्सा है, जो 2 फरवरी 2026 को छिंदवाड़ा से शुरू हुई थी। यात्रा का उद्देश्य अयोध्या के विघ्नेश्वर धाम शिव मंदिर में उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े, 60 फीट ऊंचे और 700 किलो वजनी त्रिशूल की स्थापना करना है। यह यात्रा धर्म, आस्था और सनातन एकता का संदेश प्रसारित कर रही है।

# नईगढ़ी में निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर आज

**विहान हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर रीवा की विशेष पहल**

**नईगढ़ी, नि.प्र.।** विहान हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, रीवा के तत्वावधान में निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज रविवार, 08 फरवरी 2026 को किया जा रहा है। यह शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नईगढ़ी, जिला मऊगंज में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श दिया जाएगा। इस दौरान जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, स्त्री रोग, बाल रोग, हड्डी रोग, यूरोलॉजी, कैंसर परामर्श एवं नेत्र रोग से संबंधित सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। आयोजकों के अनुसार शिविर में आने वाले सभी मरीजों की स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक दवाइयाँ पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जाएंगी। साथ ही आयुष्मान भारत, एवं मेडिक्लेम की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर नईगढ़ी जनपद अध्यक्ष ममता कुंजबिहारी तिवारी एवं अगस्त क्रान्ति मंच के संयोजक कुंजबिहारी तिवारी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इस सुनहरे अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं अंचल क्षेत्र के लोग अपने परिवार, बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों को साथ लाकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अवश्य लें। स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पहुँचाना एवं समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाना है।

## ज्ञानोदय शिशु हाई स्कूल छोटी बराती के वार्षिकोत्सव में

# नाटक और लोकगीत के माध्यम से बच्चों ने समाज को किया जागरूक



**नईगढ़ी, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के ज्ञानोदय शिशु हाई स्कूल छोटी बराती में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह के अवसर पर विद्यार्थियों ने नाटकीय एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नाटक अंधेर नगरी चौपट राजा रहा, जिसमें अनपढ़ नेता जैसे पात्रों के माध्यम से वर्तमान सामाजिक-राजनीतिक व्यवस्था पर तीखा व्यंग्य प्रस्तुत किया गया। नाटक में बोले गए प्रभावशाली संवाद जनता के पैसे से जनता को लूटना ही डेमोक्रेसी है (पात्र लहत्तर सिंह) ने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। बच्चों के सशक्त अभिनय, संवाद अदायगी और मंच प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत बघेली 'अंजुरी' गीत ने सभागार को तालियों से गुंजायमान कर दिया और क्षेत्रीय लोकसंस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी कुंजबिहारी तिवारी ने बच्चों की प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए इसे आज की परिस्थितियों का सजीव उदाहरण बताया। उन्होंने विद्यार्थियों और समाज से नशे से दूर रहने तथा सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की अपील की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपेन्द्र मिश्रा, महेश द्विवेदी एवं पत्रकार व्यंकटेश कुमार तिवारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्राचार्य राम सुफल शुक्ला एवं आयोजन से जुड़े शिक्षकों में पुष्पा शुक्ला, भगवान सिंह, समयलाल तिवारी, शिवांश मिश्रा, विसर्जन कुशवाह, सैमसुन निशा, रूबी पाठक, गौशिया फातिमा, शिल्पी विश्वकर्मा एवं खुशी पांडे शामिल रहे। इस अवसर पर जिला महासचिव प्रमोद सिंह रक्सेल सहित अन्य संचालक व शिक्षक साथियों में तेजबली पटेल, लल्लू प्रसाद साहू, राजकुमार तिवारी, सतीश पटेल, रविराज सिंह, प्रमोद सोनी, रामकरण साहू, हरिराम तिवारी, विजय मिश्रा आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में स्थानीयजन एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे, जिनकी सहभागिता से आयोजन सफल रहा।

# गौ सेवा-जन सेवा ही मेरी पहली प्राथमिकता :वैभव केसरवानी

**डभौरा नि.प्र.।** रीवा जिले नगर परिषद डभौरा के समाजसेवी गौ रक्षक वैभव कुमार केसरवानी के द्वारा कई वर्षों से बिना किसी पद प्रतिष्ठा बिना किसी संस्था एवं किसी के मदद बिना समाज से निष्कासित घायल कुपोषित विमार नंदी गौमाता का अपने ही मकान गौ वाटिका में चारा भूसा पानी देशी पद्धति से दर दवाई करते और करवाते आ रहे है। साथ ही और भी सेवा जैसे दिव्यांग बेसहारा जरूरतमंद लोगों की सेवा, नशा मुक्ति व्यवस्था, पढ़ाई, दवाई, जल संरक्षण, कुपोषण, दुर्घटना में घायल लोगों की सहायता, निराक्षरों को साक्षर बनाने, घायल कुपोषित बीमार नंदी गौ माता के देशी पद्धति से दवाई, पर्यावरण के क्षेत्र में अच्छा कार्य के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। ज्ञात हो कि नगर परिषद डभौरा निवासी वैभव केसरवानी मध्यमवर्गीय वैश्य परिवार में जन्मे बचपन से ही गौ सेवा सहित जरूरत मंदों की मदद में लगे रहते हैं। उन्होंने बेसहारा गौवंशो की उपेक्षा पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि वह गौमाता जिससे रोम रोम में देवताओं का वास है, उनका आनादर समाज के लिए अच्छा नहीं है, उनकी दुर्दशा देखी नहीं जाती है। उन्होंने आगे कहा कि मैं गौसेवा के साथ साथ समाज सेवा में लगा रहता हूं।उन्होंने आम जनमानस सहित धर्मानुरागी भक्त जनों से घायल गौवंश की सेवा करने की अपील की है।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चला सघन जांच अभियान



**मऊगंज ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा एडिशनल एसपी विक्रम सिंह एवं एसडीओपी सच्ची पाठक के मार्गदर्शन में मऊगंज यातायात प्रभारी द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया इस कार्रवाई से नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में वाहन चालकों के बीच हड़कंप की स्थिति बनी रही।

### 1 फरवरी से 7 फरवरी तक चला विशेष चेकिंग अभियान

मऊगंज पुलिस द्वारा यह विशेष यातायात चेकिंग अभियान 1 फरवरी 2026 से 7 फरवरी 2026 तक चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क पर नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाने वालों पर सख्त रुख अपनाते हुए प्रभावी कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 89 वाहन चालकों के चालान काटे गए, जिनसे रु87,900 का समन शुल्क वसूला गया। पुलिस की इस सख्ती से क्षेत्र में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता देखने को मिली।

### इन प्रमुख धाराओं में हुई चालानी कार्रवाई

अभियान के अंतर्गत यातायात नियमों के उल्लंघन पर गलत साइड वाहन चलाने वाले, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालक, वाहन बीमा (इंश्योरेंस) न होना, नंबर प्लेट में त्रुटि या अमानक नंबर प्लेट, मोटर व्हीकल एक्ट की अन्य संबंधित धाराएं, सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस की सख्ती आदि बिंदुओं में विशेष रूप से कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता में रखते हुए चलाया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन न केवल वाहन चालक के लिए बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकता है।

### पुलिस की आमजन से अपील

मऊगंज पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें, वाहन के सभी वैध दस्तावेज साथ रखें और सुरक्षित व जिम्मेदार ड्राइविंग को अपनाएं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस प्रकार की सघन यातायात कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# राजस्व न्यायालयों में एसआईआर कार्य का साया

### बंद दरवाजों और लटके तालों से जनता में भारी आक्रोश

**गढ़, नि.प्र.।** मध्य प्रदेश सरकार एक ओर राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के समय सीमा के अंदर निराकरण का दावा कर रही है, वहीं धरातल पर स्थिति इसके ठीक उलट नजर आ रही है। रीवा जिले के तहसील मनगवां और उप-तहसील गढ़ में इन दिनों न्याय की उम्मीद लेकर आने वाले पक्षकारों और अधिवक्ताओं को केवल बंद दरवाजे और लटके हुए ताले ही मिल रहे हैं।



**बिना सूचना के न्यायिक कार्य ठप :** ग्रामीण अंचलों से आने वाले नायकों और पक्षकारों का आरोप है कि राजस्व विभाग के समस्त कर्मचारी एसआईआर कार्य में व्यस्तता का हवाला देकर कार्यालयों से नदारद रहते हैं। सबसे ज्यादा आक्रोश इस बात को लेकर है कि कार्यालय के बाहर ऐसी कोई सूचना या नोटिस चस्पा नहीं की गई है, जिससे यह पता चल सके कि न्यायिक कार्य किस कारण से बंद है। दूर-दराज के गांवों से आने वाले लोगों को हफ्ते में दो-दो दिन अनावश्यक चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे सरकार के प्रति जनता का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। राजस्व न्यायालयों के अधिकारियों पर न्यायिक और प्रशासनिक, दोनों तरह के कार्यों का दोहरा बोझ है। यह स्थिति कार्य निष्पादन को प्रभावित कर सकती है।

# बिजली विभाग के तानाशाही के खिलाफ 12 फरवरी को होगा बिजली कार्यालय अतरैला का घेराव : योगेंद्र तिवारी

**जवा ब्यूरो ।** मध्य प्रदेश किसान सभा तहसील इकाई जवा के अध्यक्ष योगेंद्र तिवारी एवं महासचिव राज नारायण सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि समूचे जवा तहसील में मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के द्वारा अवैध तरीके से भारी भरकम बिजली का बिल भेज कर छोटे व्यापारी किसान मजदूर को तबाह परेशान है उसके बावजूद किसान और छोटे व्यापारी और मजदूरों को भारी भरकम बिल का लोक अदालत में प्रकरण भेज कर जेल भेज दिया गया।अभी हाल ही में ग्राम पंचायत तेदुनी ,चौखंडी, तोमरान पूर्व से करीब पांच लोगों को जेल भेजा गया जो जमानत कराकर अभी बाहर निकले हैं। साथ ही लगभग 200 लोगों का स्थाई वारंट अतरैला थाने एवं करीब 500 लोगों का जवा पनवार डभौरा थाने में वारंट रखा हुआ है। विद्युत मंडल के तानाशाही से आम जनता परेशान है इतना ही नहीं जिस घर में रहने वालों की संख्या तीन है और बल्ब तो जलते हैं उसे घर में तीनों लोगों के नाम से बिल भेजे जा रहे हैं। साथ ही जिस किसान के द्वारा दो एचपी के मोटर चलाया जा रहा है उसे 5 हॉर्स पावर के मोटर का बिल दिया जा रहा है इतना ही नहीं कुछ ऐसे लोगों के नाम से बिल भेजा गया है जो उसे गांव में न खेती करते हैं न रहते हैं, न उनका उस गांव वह पत्ते से कोई वास्ता है। उपभोक्ताओं के यहां न तो घरेलू कनेक्शन किया गया है और ने ही कृषि और व्यापारिक कनेक्शन के मीटर लगाए गए हैं। प्रशासन से मांग है कि विद्युत खपत के अनुसार उपभोक्ताओं से बिल वसूल किया जाए सहित अन्य मांगों को लेकर 12 फरवरी को बिजली विभाग कार्यालय अतरैला का घेराव किया जायेगा। कामरेड राज नारायण सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राज्य में कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं रह गई है, आए दिन अल्पसंख्यकों आदिवासियों के ऊपर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं तथा असमाजिक तत्वों के द्वारा मारपीट राहजनी जैसी घटनाएं घटित की जा रही है। थानों में रिपोर्ट नहीं लिखी जाति जो बेहद चिंता का विषय है। उन्होंने 12 फरवरी विद्युत मंडल कार्यालय अतरैला के सामने होने वाले धरना प्रदर्शन में ज्यादा से ज्यादा तादात में विद्युत विभाग अतरैला में 10:00 बजे पहुंचकर विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने अपनी समस्या रख कर विरोध दर्ज कराने की अपील की है।

दैनिक जागरण

## मुख्यमंत्री आज रीवा आयेंगे

रीवा। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज रविवार को अल्प प्रवास पर रीवा आयेंगे। वह एयरपोर्ट में थोड़ीदेर विश्राम के बाद भोपाल रवाना होंगे। बताया गया है कि मुख्यमंत्री सुबह भोपाल से जबलपुर एयरपोर्ट आयेंगे। वहां से हेलीकाप्टर द्वारा 3.35 बजे रीवा एयरपोर्ट रीवा पहुंचेंगे और 3.40 बजे वायुयान से भोपाल के लिए रवाना होंगे।

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 10 को

**रीवा**। जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 10 फरवरी को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में महाशिवरात्रि, होली, ईदुलफितर, रामनवमी एवं महावीर जयंती त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन एवं व्यवस्थाओं के संबंध में विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में समिति के सदस्यों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।




**रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र के कोष्टा के पास हुआ भीषण सड़क हादसा**

# बेटे का सेहरा बंधने से पहले पिता की उठी अर्थी

**भतीजी व छोटा बेटा भी था साथ में, सड़क हादसे में तीनों की एक साथ गई जान**

**तेज रफ्तार कार ने भगवान को आमंत्रण कार्ड देने जा रहे बाइक सवार परिवार को मारी टक्कर**



**जागरण, रीवा।** तेज रफ्तार कार की जोरदार टक्कर में बाइक सवार पिता-पुत्र और भतीजी की मौके पर मौत हो गई। घटना शनिवार को रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र के कोष्टा में दोपहर करीब 3:30 बजे के आसपास हुई। घटना के बाद बेटे की शादी की तैयारी मातम में बदल गई। बताया गया कि बाइक सवार पिता अपने छोटे बेटे और भतीजी को लेकर चिरहुला हुनमान मंदिर में पहला कार्ड निमंत्रण देने बाइक से रीवा की ओर आ रहे थे, जैसे ही वो कोष्टा के समीप पहुंचे पीछे से तेज रफ्तार ऑडी कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार हवा में उछल गए। मौके पर ही उनकी जान चली गई। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची रायपुर कर्चुलियान पुलिस ने तीनों को संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया जहां जांच उपरांत चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में बाइक सवार भागवत विश्वकर्मा, उनका छोटा बेटा शिवम विश्वकर्मा दोनों निवासी चचाई व भतीजी शीतल विश्वकर्मा निवासी रतहरा की मौत हो गई। घटना के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस मर्ग कायम कर कार को जब्त कर ली है, जबकि फरार चालक की तलाश की जा रही है।

### 25 फरवरी को था बेटे का विवाह

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि 25 फरवरी को मृतक भागवत विश्वकर्मा के बड़े बटे शुभम विश्वकर्मा की शादी तय थी। शादी की तैयारी में परिवार लगा हुआ था। भगवान को पहला आमंत्रण कार्ड देने की हिंदू समाज में परंपरा है। बाइक से छोटे बेटे शिवम और भतीजी को लेकर वो मंदिर जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार कार ने कोष्टा के समीप उन्हें कुचल दिया। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है, परिजनों को रो-रोकर बुराहाल है। बेटे का सेहरा बंधने से पहले पिता की अर्थी उठ गई।

**हाईवे में बनी रही जाम की स्थिति :** हादसे के बाद हाईवे में जाम की स्थित बनी रही। सूचना मिलते ही रायपुर कर्चुलियान सहित शहर की समान थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शवों को अस्पताल पहुंचाया गया। जिसके बाद बाधित यातायात बहाल हुआ। बहरहाल हाईवे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत के बाद लोगों में काफी आक्रोश दिखा।




# एमएलसी बनाने के बदले बीएमओ ने मांगे पांच हजार, रंगे हाथ गिरफ्तार

**लोकायुक्त की टीम ने सिहावल तहसील के कोदौरा में की कार्रवाई**



**जागरण, रीवा।** लोकायुक्त रीवा की टीम ने सिहावल बीएमओ को शनिवार को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। मारपीट के मामले में पीड़ित का एमएलसी बनाने की एवज में ब्लॉक मेडिकल अधिकारी सिहावल ने पांच हजार रुपए घूस मांगी। घूस की रकम देते वक्त आरोपी डॉक्टर को लोकायुक्त रीवा ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। लोकायुक्त की 12 सदस्यीय टीम ने सिहावल तहसील के कोदौला में बीएमओ की क्लीनिक में ट्रैप कार्रवाई की। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक सुनील पाटीदार ने बताया कि मामले की शिकायत अंकित शुक्ला पिता दिलीप शुक्ला 29 वर्ष, निवासी ग्राम पांती हनुमना जिला मऊगंज द्वारा की गई थी। शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त की टीम ने आरोपी बीएमओ स्वतंत्र पटेल पिता शिवबहोर पटेल 33 वर्ष को रिश्वत लेते पकड़ा है। बताया गया कि शिकायतकर्ता द्वारा 04 फरवरी को लोकायुक्त कार्यालय रीवा में शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया जिसमे बताया गया था कि 03 फरवरी को सिहावल बाजार में एक व्यक्ति से उसका विवाद हुआ, जिसमे उसके कान में चोट आई थी। घटना की शिकायत सिहावल चौकी में दर्ज कराई गई थी। चौकी प्रभारी द्वारा मेडिकल कराने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिहावल भेजा गया जहां बीएमओ स्वतंत्र पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा रिपोर्ट बनाने के एवज में 5 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की गई। शिकायत प्राप्त होने पर लोकायुक्त संभाग रीवा के पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार पाटीदार द्वारा सत्यापन कराया गया। शिकायत सत्यापन के दौरान आरोपी द्वारा रिश्वत की मांग करना सही पाया गया। जिसके बाद आरोपी बीएमओ जैसे ही फरियादी से रिश्वत की राशि पांच हजार रुपए ली। सिविल ड्रेस में मौजूद टीम ने उसे धर दबोचा।

# पिता ने लगाया पुत्र की हत्या का आरोप

**मऊगंज एसपी से कार्रवाई के लिए मांगा न्याय**

**जागरण, रीवा।** मऊगंज जिले के लौर थाना क्षेत्र अंतर्गत पीड़ित पिता ने मऊगंज पुलिस अधीक्षक से पुत्र की हत्या के दोषियों पर कार्रवाई के लिए शिकायती आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायती आवेदन में पीड़ित अर्जुन गिरि पिता महेश गिरि निवासी ग्राम गरिवरा, थाना लौर ने बताया कि उसका पुत्र पवन गिरि एक महिला से मोबाइल में बातचीत करता था। जिससे उसका ससुर उससे रंजिश रखता था। पीड़ित ने बताया कि महिला ने पुत्र से टमाटर मंगाया था, जिसके बाद वह टमाटर लेकर उसके घर पहुंचा जहां कुछ देर बाद पता लगा की उसका पुत्र मृत अवस्था में महिला के घर से कुछ दूरी पर मिला है। पीड़ित पिता ने महिला सहित उसके परिजनों पर गंभीर आरोप लगाते हुए नामजद शिकायत की है। पीड़ित का कहना है कि उसके पुत्र के गाल, गले में, सीना, पसलियों में व जांघ में गंभीर चोट के काले स्याह निशान थे। पीड़ित पिता ने पुत्र की हत्या का संदेह जताते हुए पुलिस से कार्रवाई कर न्याय की गुहार लगाई है।







# जमीनी विवाद में पति-पत्नी और पुत्र से मारपीट

**सेमरिया के घायल परिवार ने सरपंच सहित लोगों पर लगाया आरोप**

**रीवा**। सेमरिया थाना क्षेत्र के मटीमा गांव में जमीनी विवाद के चलते पति-पत्नी और पुत्र के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। घायलों ने सरपंच सहित लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। घायल का आरोप है कि सरपंच द्वारा उसकी निजी भूमि में जबरन बोरिंग कराया जा रहा था, जिसका विरोध करने पर मारपीट की गई। घटना शनिवार की सुबह सेमरिया थाना के ग्राम पंचायत मटीमा की बताई गई। घटना के संबंध में ग्राम मटीमा निवासी चिंतामणि सेन ने जानकारी ने बताया कि गांव के सरपंच सहित अन्य लोगों के द्वारा उसकी जमीन पर जबरन सार्वजनिक बोर कराया जा रहा था। पीड़ित ने बताया कि विरोध करने पर सरपंच सहित अन्य लोगों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की जब बीच बचाव में उसकी पत्नी और पुत्र पहुंचे तो उनके साथ भी बेरहमी से मारपीट की गई। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




























जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा**- 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com